भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2005

जिसका उत्तर 11.12.2025 को दिया जाना है

बुंदेलखंड में राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण

2005. श्री अनुराग शर्मा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में वर्तमान में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई कितनी है और विगत तीन वर्षों के दौरान कितने किलोमीटर का निर्माण कार्य पूरा हुआ है;

(ख) झांसी, ललितपुर, बांदा और चित्रकूट जिलों के लिए प्रस्तावित नये राष्ट्रीय राजमार्ग खंडों अथवा अतिरिक्त लेन विस्तार का ब्यौरा क्या है;

(ग) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा उत्तर प्रदेश, विशेषकर बुंदेलखंड में चल रही सभी और स्वीकृत राजमार्ग परियोजनाओं के लिए कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है तथा अब तक योजना- वार और ज़िला-वार कितना व्यय हुआ है; और

(घ) बुंदेलखंड क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्गों पर वर्तमान में कितने पुल, फ्लाईओवर और अंडरपास निर्माणाधीन हैं, कितने पूरे हो चुके हैं और इन पर कुल कितना व्यय हुआ है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर वर्तमान में 8 परियोजनाएं चल रही हैं, जिनमें चार आरओबी/पुल परियोजनाएं और लगभग 46 किमी लंबाई की एक चार-लेन परियोजना शामिल हैं, जिनमें से लगभग 7.6 किमी चालू वित्त वर्ष के दौरान पूरी हो चुकी हैं।

झांसी, ललितपुर, बांदा और चित्रकूट जिलों में लगभग 75 किलोमीटर लंबाई की 6 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का विकास करने के लिए चिन्हित किया गया है।

राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए निधि का आवंटन जिला/क्षेत्र-वार न करके राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/एजेंसी-वार किया जाता है।

विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए आवंटित निधि और हुए व्यय के विवरण इस प्रकार हैं:

(राशि करोड़ रू. में)

2022-23		**2023-24**		**2024-25**		**2025-26 (31.10.2025 तक)**	
आवंटन	**व्यय**	**आवंटन**	**व्यय**	**आवंटन**	**व्यय**	**आवंटन**	**व्यय**
21,453	21,453	28,114	28,114	20,682	20,665	16,004	14,212

फ्लाईओवरों, अंडरपासों और पुलों का निर्माण आम तौर पर एक राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना के हिस्से के रूप में किया जाता है जिसमें सुधार और उन्नयन कार्य शामिल होता है। इसलिए पुलों, फ्लाईओवरों और अंडरपासों के निर्माण के लिए उपयोग की जाने वाली निधियों का अलग से हिसाब नहीं रखा जाता है।

वर्तमान में, उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्गों पर छह रोड ओवर ब्रिज (आरओबी)/फ्लाईओवर, एक पुल और दो वाहन अंडरपास (वीयूपी) पर कार्य चल रहा है। एनएच-35 के लघु पुल के पुनर्निर्माण का एक कार्य मार्च 2024 में पूरा हो चुका है।

*****